Estd.- 1959 Email I.D- rlscollegekaladera@gmail.com Telephone & Fax No - 01423-265828

**सेठ आर एल सहरिया राजकीय पी जी महाविद्यालय, कालाडेरा, जयपुर**

क्रमांक : एफ–1( ) स्था/सकाका/22/ 2767 दिनांक : 31/03/2022

# वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र 2020–2021 का प्रारम्भ कोविड महामारी के कारण लॉक–डाउन के पश्चात 1 जुलाई से हुआ। जुलाई माह में महाविद्यालय में तीन वेबिनारों का आयोजन हुआ। प्रथम वेबिनार महाविद्यालय की स्काउट गााइड रोवर रेंजर इकाई के तत्वावधान में दिनांक 23 जुलाई 2021 को हुआ। इसके पश्चात कोविड गाइड लाइन की अनुपालना में एल्यूमिनाई एसोसिएशन की वेब संगोष्ठी रखी गई जिसमें देश के कई भागों से गणमान्य पूर्व छात्रों ने भाग लिया । वाणिज्य संकाय ने भी कोविड के सोशियो–इकॉनोमिक इम्पैक्ट जैसे विषय पर वेबिनार का आयोजन किया।

महाविद्यालय में सफलता पूर्वक परीक्षाओं का संचालन करवाया गया। गत वर्ष का परीक्षा परिणाम लगभग 84% रहा। 14 सितम्बर को हिन्दी विभाग द्वारा एक क्विज़ प्रतियोगिता ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई।

महाविद्यालय के विभिन्न संकाय सदस्यों ने राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर आयोजित इण्डक्शन कोर्स, ओरियेन्टेशन एवं रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

महाविद्यालय के छात्रों के हित में वोटर हैल्पलाइन में रजिस्ट्रेशन का अभियान चलाया गया जिसमें 18 वर्ष के विद्यार्थिओं के वोटर आई.डी. बनवाये गये।

महाविद्यालय प्रकोष्ठ के तत्वाधान में छात्राओं के स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा विधिक अधिकारों हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया । महाविद्यालय में कोविड गाइडलाइन की अनुपालना में ई. कंटेण्ट के माध्यम से शैक्षणिक गतिविधियाँ निरन्तर संचालित होती रही तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित MY BOOK LO APP हेतु महाविद्यालय के संस्कृत विषय के व्याख्यानों का चयन किया गया। सितम्बर में अयोजित राजीव गाँधी क्विजाथॉन में उत्कृष्टता के लिऐ महाविद्यालय की छात्रा सलोनी कुमावत को राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम 50 को सम्मानित किया गया इस छात्रा ने 26 वॉ स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की NSS एवं NCC इकाइयों ने भी उपलब्धियॉ हांसिल की। NSS छात्र मोहित सेन का 26 जनवरी की परेड में शामिल होने हेतु चयन हुआ। महाविद्यालय के 9 छात्रों ने ऑल– इण्डिया इन्टर कॉलेज प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक प्राप्त किये। कुश्ती के महिला वर्ग में भी महाविद्यालय की छात्राओं ने 5 पदक प्राप्त किऐ। इसी वर्ष 3 नए खेल सॉफ्ट बॉल, रग्बी, एवं अमेरिकन फुटबॉल की शुरूआत हुई।

नवम्बर माह में आयोजित सर्वोदय विचार परीक्षा में गॉधी विचारधारा से सम्बन्धित क्विज में 65 विद्यार्थिओं ने भाग लिया। आयुक्तालय के निर्देशानुसार समस्त संकाय सदस्यों की प्रोफाइल कॉलेज वेबसाइट पर अपलोड की गई।

संकाय सदस्यों के उन्नयन हेतु IQAC द्वारा SSO–ID एवं RTI की जानकारी हेतु वेब कार्यशाला का आयोजन दिसम्बर माह में किया गया जिसमें विषय के ख्यात नाम विशेषज्ञों ने सदस्यों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। राज्य के डिपार्टमैण्ट ऑफ साइन्स एवं टैक्नॉलॉजी के संयुक्त तत्वाधान में इन्टलैक्युअल प्रोपर्टी राइटस (IPR) पर एक वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

31.3.22
प्राचार्य
सेठ आर एल सहरिया राजकीय पी जी महाविद्यालय
कालाडेरा, जयपुर